# उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ

7वाँ तल, टावर-4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ , गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ – 226002 e- mail : tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः टीएससी-25/2021/2032 दिनांक-अप्रैल 25 , 2022

**सेवा में,**

**समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।**
**समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।**
( जनपद- आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकरनगर, अमरोहा, एटीसी सीतापुर, एटीएस मुख्यालय, बागपत, बाराबंकी, बस्ती, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, हमीरपुर, हापुड़, अभिसूचना मुख्यालय, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, लखनऊ ग्रामीण, महोबा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, पीटीसी मुरादाबाद, पीटीसी सीतापुर, पीटीसी सुलतानपुर, पीटीएस मुरादाबाद, सहारनपुर, संतकबीरनगर, शाहजहाँपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उन्नाव, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, एपीटीसी चुनार मीरजापुर, पीटीएस जालौन, सी0आई0डी0 को छोड़कर )

**विषय**-समस्त भर्ती कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड- ए की अनन्तिम वरिष्ठता सूची में संशोधन / आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक।

कृपया इस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक- 21.03.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अब तक भर्ती समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड- ए जिनके द्वारा उ0प्र0 पुलिस कर्मचारी वर्ग सेवा नियमावली-2011(अराजपत्रित) के अनुसार 06 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण कर ली गई है, को कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-बी के पद पर पदोन्नति दिये जाने के सम्बन्ध में अनन्तिम वरिष्ठता सूची https://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित करते हुये आप समस्त से अनुरोध किया गया था कि अपने स्तर से सम्बन्धित को आदेशित करते हुए सिस्टम / कम्प्यूटर पर Download कराकर सम्बन्धित कर्मियों को सूचित कराते हुए अनन्तिम वरिष्ठता सूची में अंकित विवरण के सम्बन्ध में किसी कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की यदि कोई आपत्ति / त्रुटि हो तो वे उसके सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन सम्बन्धित अभिलेखों आदि की प्रमाणित छायाप्रतियों सहित दिनांक 21.04.2022 तक प्रत्येक दशा में इस मुख्यालय को उपलब्ध कराने कराने की अपेक्षा की गई थी ।

*उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अभी तक आपके जनपद / इकाई से उपरोक्त वांछित सूची / संशोधित विवरण इस मुख्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गई है, जिससे इस मुख्यालय द्वारा दिनांक 21.03.2022 को जारी कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की अनन्तिम वरिष्ठता सूची की सत्यता स्पष्ट नहीं हो पा रही है । साथ ही कतिपय जनपदों द्वारा उपलब्ध कराई गई आपत्तियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मी जिनके द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की गई है, की चरित्र पंजिका के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे प्रमाणिकता के आधार पर अनन्तिम वरिष्ठता सूची में संशोधन किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है ।*

*साथ ही यह भी अवगत कराना है कि आपके जनपद में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए जिनके द्वारा कतिपय कारणों से त्यागपत्र प्रस्तुत किए गए हैं, के प्रकरणों में **व्यक्तिगत रुचि** लेते हुए इस मुख्यालय द्वारा पूर्व में वांछित 06 / 07 बिन्दुओं पर आख्या भी इस मुख्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराएँ ताकि इनका त्यागपत्र स्वीकृत करते हुए इनका नाम अनन्तिम वरिष्ठता सूची से हटाया जा सके ।*

अतः निदेशानुसार पुनः अनुरोध है कि **सर्वोच्च प्राथमिकता** पर अपने जनपद / इकाई से सम्बन्धित कर्मियों की अनन्तिम वरिष्ठता सूची में अंकित विवरण से उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार मिलान कराने के उपरान्त **संशोधित विवरण / त्रुटि रहित सूची मय चरित्र पंजिका के प्रथम पृष्ठ की प्रमाणित छायाप्रति दिनांक 01.05.2022 तक प्रत्येक दशा में तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।** *इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि अनन्तिम वरिष्ठता सूची में दर्शाए गए कर्मी आपके जनपद / इकाई में कार्यरत हैं। यदि अनन्तिम वरिष्ठता सूची में अंकित कर्मी आपके जनपद / इकाई में नियुक्त न होकर अन्यत्र स्थानान्तरित हो गए हैं तो उसके स्थानान्तरण आदेश / कार्यमुक्त आदेश की छायाप्रति सहित तत्काल इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि अनन्तिम वरिष्ठता सूची को सही कर अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी की जा सके तथा उक्त पदोन्नति हेतु पात्र कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की पदोन्नति के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा सके।* यदि दिनांक 01.05.2022 तक आपके जनपद / इकाई से कोई भी सूचना प्राप्त नहीं होती है तो इस मुख्यालय द्वारा निर्गत अनन्तिम वरिष्ठता सूची को सही मानते हुए अन्तिम वरिष्ठता सूची निर्गत कर दी जाएगी तथा प्रोन्नति सम्बन्धी आगामी कार्यवाही प्रचलित कर दी जाएगी । तदोपरान्त अन्तिम वरिष्ठता सूची में पुनः कोई त्रुटि प्रकाश में आने पर जनपदीय / इकाई प्रभारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे ।

25/4/2022

**(शहाब रशीद खाँ)**
पुलिस अधीक्षक / सहायक निदेशक,
निमित्त- अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवाएँ, मुख्यालय,
लखनऊ ।

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. प्रभारी वेबसाइट, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र को इस निर्देश के साथ कि उक्त पत्र को तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय के अन्तर्गत उ0प्र0 पुलिस वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
2. सम्बन्धित जनपदीय कोऑर्डिनेटर को इस निर्देश के साथ की अपने जनपद से सम्बन्धित कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए जिनके द्वारा आपत्ति प्रकट की गई है, की चरित्र पंजिका के प्रथम पृष्ठ व साक्ष्य हेतु उपलब्ध अभिलेखों की सुस्पष्ट प्रमाणित छायाप्रति एवं जनपद / इकाई में नियुक्त / सम्बद्ध कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए जो स्थानान्तरणाधीन है एवं उन्हें स्थानान्तरण पर जनपद / इकाई से कार्यमुक्त नहीं किया गया है, का विवरण सम्बन्धित प्रधान लिपिक / चरित्रपंजिका लिपिक से समन्वय स्थापित कर तत्काल इस मुख्यालय को जरिए डाक/ ई-मेल / फैक्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।